एनटीपीसी
NTPC

# एन टी पी सी लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम)**

**पंजीकृत कार्यालयः एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003**

**सीआईएन : L40101DL1975GOI007966, वेबसाइट : www.ntpc.co.in**

## विज्ञापन सं. 18/23

एनटीपीसी लिमिटेड 73,024 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी है और विद्युत उत्पादन के व्यापार की पूरी मूल्य श्रृंखला में इसकी मौजूदगी है। हमारे देश की विकास संबंधी चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त करने की एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

एनटीपीसी नीचे दिए गए विवरण के अनुसार **एनएमएल (एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड)** के तहत **कोयला खनन क्षेत्र** के लिए **महाप्रबंधक (सुरक्षा)** की आवश्यकता है।

**पद का नामः महाप्रबंधक (सुरक्षा) – 1 पद**

**आवश्यक योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से खनन इंजीनियरिंग में स्नातक के साथ कोयला में प्रथम श्रेणी खदान प्रबंधक का प्रमाणपत्र।

**अनुभव वर्णनः** योग्यता के बाद (खनन इंजीनियरिंग के बाद) खनन कार्यों में कार्यकारी संवर्ग में न्यूनतम 23 वर्ष का अनुभव। उम्मीदवार के पास ओपनकास्ट खनन परिचालन में अनुभव होना चाहिए और खान सुरक्षा कार्य में कम से कम 03 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव होना चाहिए।

**अनुभव की आवश्यकताः** सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में संबंधित क्षेत्र में कार्यकारी कैडर में योग्यता के बाद न्यूनतम 23 वर्ष का अनुभव, जिसमें से पद और वेतनमान रुपये 1,00,000 – 2,60,000 या उससे अधिक (आईडीए वेतनमान 01.01.2017 से प्रभावी) में कम से कम 11 वर्ष का अनुभव या किसी प्रतिष्ठित निजी कंपनी में समकक्ष स्तर/पोस्ट प्रोफाइल।

**ऊपरी आयु सीमा :** 55 वर्ष

**भर्ती के लिए स्तर/वेतनमानः** ई8 ग्रेड/आईडीए (रु. 1,20,000 – 2,80,000) वेतनमान के शुरुआती मूल पर 06 (छह) वेतन वृद्धि के लाभ के साथ। इसके अतिरिक्त, डीए, अन्य अनुलाभ और भत्ते, एचआरए/समय–समय पर लागू कंपनी के नियमों के अनुसार कंपनी आवास, चिकित्सा सुविधाएं, पीआरपी, समूह बीमा, टर्मिनल लाभ आदि। **चयनित उम्मीदवार को अस्थायी रूप से उपरोक्त के अनुसार एनटीपीसी वेतन/लाभ प्रदान किया जाएगा, हालांकि, बाद में एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) वेतन संरचना में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।**

**चयन प्रक्रियाः** व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को उनके अनुभव प्रोफाइल के आधार शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

आरक्षण

| पद का नाम | अना. | ईडब्ल्यूएस | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (सुरक्षा) | 01 | – | – | – | – | 01 |

**स्वास्थ्य**

अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। अभ्यर्थियों को कार्यभार संभालने से पहले एनटीपीसी के किसी भी अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षा से गुजरना होगा और उनका निर्णय अंतिम और बाध्य होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी प्रकार की छूट की सुविधा नहीं है। चिकित्सा के विस्तृत मानदंड वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं।

**सामान्य शर्तें:**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए।
3. आयु/अपेक्षित अनुभव/योग्यता की सभी गणनाएँ विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के संदर्भ में की जाएगी।
4. किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास सक्षम प्राधिकारी से वैध ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व./अ.जा./अ.ज.जा. प्रमाणपत्रा, जैसा भी मामला हो, अनिवार्य रूप से होना चाहिए।
5. आवश्यकता के आधार पर, कंपनी बिना किसी सूचना के और बिना कोई कारण बताए रिक्तियों की संख्या को रद्द/प्रतिबंधित/घटाने/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
6. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो प्रबंधन के पास ऑनलाइन स्क्रीनिंग/शॉर्टलिस्टिंग/चयन परीक्षा आयोजित करने या आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम पात्राता मानकों/मानदंडोंको बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।
7. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार ऊपर उल्लिखित पात्राता और अन्य मानदंडों को पूरा करता/करती है तथा प्रस्तुत विवरण सभी तरह से सही हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्राता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य(यों) को छुपाया है, तो उसकी अभ्यर्थिता स्वतः रद्द हो जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद उपरोक्त में से कोई भी कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएँ बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी रूप में सिफारिश करने से अभ्यर्थी अयोग्य हो जाएगा।
8. पोस्टिंग एनटीपीसी के किसी भी स्टेशन/परियोजना/संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों में होगी। सभी पद प्रबंधन के विवेकाधिकार पर हस्तांतरणीय हैं।
9. एक अभ्यर्थी द्वारा महज विज्ञापन के प्रति आवेदन जमा किए जाने और विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को स्पष्ट रूप से पूरा करने से उसे साक्षात्कार के लिए निश्चित रूप से बुलाए जाने/चयन प्रक्रिया के लिए आगे विचार करने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता।
10. इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले और/या इसके उत्तर में आवेदन के संबंध में कोई कार्रवाई केवल दिल्ली में की जा सकती है और ऐसे किसी भी कारण/विवाद के मुकदमे का एकमात्रा और विशिष्ट न्यायाधिकार क्षेत्रा केवल दिल्ली की अदालतों ट्रिब्यूनल/मंचों के पास होगा।

    यदि अंग्रेजी के अतिरिक्त अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

**आवेदन कैसे करें**

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट careers.ntpc.co.in पर लॉग इन करें या www.ntpc.co.in पर कैरियर्स सेक्शन देखें। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों के पास एक वैध ई–मेल आईडी होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी ई–मेल के वापस आ जाने (बाउंस बैक) के लिए एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा। **इस भर्ती के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं है।**

ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार को विशिष्ट आवेदन संख्या के साथ सिस्टम द्वारा उत्पन्न आवेदन पर्ची डाउनलोड करनी होगी। भविष्य में संदर्भ के लिए आवेदन पर्ची की प्रति उम्मीदवार अपने पास रख सकते हैं। हमें डाक द्वारा कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है।

यह अनिवार्य है कि पात्र अभ्यर्थी पूरे विज्ञापन को पूरी तरह पढ़ लें और पद हेतु आवेदन करते समय दी गई सभी शर्तो से सहमत हों। अन्य कोई अनुशेष/शुद्धिपत्र/अद्यतन जानकारी केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

**ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : 30.08.2023**

**ऑनलाइन आवेदन हेतु अंतिम तिथि : 13.09.2023**

**CBC 34126/12/0037/2324**

***विद्युत क्षेत्र में अग्रणी***